NHS
स्कॉटलैंड

# रोगियों के लिए सीपीई स्क्रीनिंग की जानकारी

अगर इस लीफलेट में प्रदान की गई जानकारी के बारे में आपके कोई प्रश्न हैं, तो यह बहुत महत्वपूर्ण है कि आप अपनी देखभाल करने वाली नर्सिंग या चिकित्सा टीम के किसी सदस्य से इस बारे में चर्चा करें।

May 2016 CPE Patient Leaflet Version 2.0 (Hindi)

## सीपीई को समझना

प्रत्येक सामान्य, स्वस्थ मानव के आंत में एंटरोकबैटेरियासी नामक कीटाणु होते हैं। जब ये आंत में होते हैं, तो ये कोई हानि नहीं पहुंचाते और हमें अपने भोजन को पचाने में मदद करते हैं। इसे उपनिवेशण कहा जाता है।
हालाँकि, अगर ये कीटाणु गलत जगह पहुँच जाते हैं, जैसे कि मूत्राशय या रक्तधारा में, तो वे संक्रमण का कारण बन सकते हैं।

कार्बापेनेमेज़-उत्पादक एंटरोकबैटेरियासी (सीपीई) इन एंटरोकबैटेरियासी का एक स्ट्रेन है। इनमें एक शक्तिशाली एंटीबायोटिक समूह, जिसे कार्बापेनेम कहा जाता है, के प्रति प्रतिरोध विकसित हो गया है।
कार्बापेनेम एक महत्वपूर्ण एंटीबायोटिक समूह हैं जिन पर डॉक्टर अक्सर उन संक्रमणों से लड़ने के लिए भरोसा करते हैं जहाँ अन्य एंटीबायोटिक्स का उपचार विफल हो गया है। यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने अस्पतालों में सीपीई के फैलाव को रोकें। यह सुनिश्चित करेगा कि ये एंटीबायोटिक्स भविष्य में संक्रमणों के उपचार के लिए उपलब्ध रहें।

### अगर मुझे सीपीई है, तो क्या मुझे उपचार की आवश्यकता होगी?

नहीं, सामान्य रूप से नहीं। जिन रोगियों के शरीर में सीपीई होता है, उन्हें उपचार करने की आवश्यकता नहीं होती है क्योंकि ये कीटाणु बिना किसी समस्या के आंत में हानिरहित रूप से रहते हैं। हालाँकि, अगर आपको सीपीई के कारण संक्रमण हो जाता है, तो आपको इसका उपचार करने के लिए एंटीबायोटिक्स की आवश्यकता होगी।

## सीपीई की स्क्रीनिंग के बारे में जानकारी

### रोगियों की सीपीई के लिए स्क्रीनिंग क्यों की जाती है?

हमें यह पता चल जाए कि कौन से रोगी सीपीई से पीड़ित हैं, तो हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि उन्हें सीपीई के प्रसार को रोकने और सीपीई संक्रमणों को रोकने के लिए सर्वोत्तम देखभाल मिले।

सीपीई के कारण होने वाले संक्रमणों का उपचार करना मुश्किल हो सकता है। यह जानना बहुत महत्वपूर्ण है कि किसी व्यक्ति में सीपीई है या नहीं, ताकि अगर कोई संक्रमण हो जाए, तो चिकित्सा स्टाफ जल्दी से उसके उपचार के लिए सर्वोत्तम एंटीबायोटिक की पहचान कर सकें।

### रोगियों की सीपीई के लिए स्क्रीनिंग कैसे की जाती है?

स्कॉटलैंड के तीव्र अस्पतालों में भर्ती होने वाले रोगियों का प्रवेश के समय मूल्यांकन किया जाता है ताकि यह तय किया जा सके कि क्या उनमें सीपीई होने का खतरा है या नहीं। निम्नलिखित स्थितियों में आपसे सीपीई की स्क्रीनिंग कराने के लिए कहा जा सकता है:

- आप स्कॉटलैंड के बाहर किसी अस्पताल में गए हों (जिसमें छुट्टियों में डायलिसिस कराने के लिए जाना भी शामिल है);
- आप सीपीई से पीड़ित किसी व्यक्ति के संपर्क में आए हों; या
- आपको अतीत में सीपीई से पीड़ित पाया गया हो।

### सीपीई के लिए मेरा टेस्ट कैसे लिया जाएगा?

अगर आप चाहते हैं कि आपका कोई नमूना टेस्टिंग के लिए लिया जाए, तो आपकी देखभाल करने वाली टीम का एक सदस्य आपके मलाशय (नीचे) में थोड़ी दूरी से एक स्वैब डालेगा। या, वे आपके मल (टट्टी) के एक नमूने का टेस्ट ले सकते हैं। कुछ अन्य नमूनों की आवश्यकता हो सकती है, उदाहरण के लिए अगर आपको कोई घाव लगा है या आपको मूत्र कैथेटर लगा है।

इन नमूनों को लेते समय आपकी गोपनीयता और गरिमा का सम्मान किया जाएगा।

सभी स्वैब और नमूने प्रयोगशाला में भेजे जाएंगे ताकि यह देखा जा सके कि कौन से कीटाणु बढ़ते हैं और आपकी देखभाल करने वाली टीम आपको इसका परिणाम बताएगी।

जब तक आपके टेस्ट के परिणाम का पता नहीं चल जाता, तब तक आपको एक ही कमरे में रहने के लिए कहा जा सकता है।

# सकारात्मक सीपीई टेस्ट वाले रोगियों के लिए जानकारी

### अगर मेरा सीपीई टेस्ट सकारात्मक आता है तो क्या होगा?

अगर आपके सीपीई स्क्रीनिंग टेस्ट का नतीजा सकारात्मक आता है, तो इसका मतलब यह है कि आपके अंदर सीपीई कीटाणु हैं। आमतौर पर इससे फिट और स्वस्थ लोगों में कोई समस्या पैदा नहीं होती है और आपको कोई बुरा प्रभाव नहीं झेलना पड़ता है। अगर आप में संक्रमण के कोई लक्षण नहीं दिख रहे हैं, तो किसी उपचार की आवश्यकता नहीं है।

अगर आपको संक्रमण हो जाता है, तो आपके डॉक्टर के लिए यह जानना बहुत उपयोगी है कि आपके अंदर सीपीई है या नहीं। इसका यह मतलब है कि वे जल्दी से आपके संक्रमण का उपचार करने के लिए सर्वोत्तम एंटीबायोटिक की पहचान कर सकते हैं।

अगर आपके सीपीई स्क्रीनिंग टेस्ट का नतीजा सकारात्मक आता है, तो जब तक आप अस्पताल में रहेंगे, आपका हर हफ्ते सीपीई के लिए टेस्ट किया जा सकता है।

### जब तक मैं अस्पताल में रहूँगा, संक्रमण को रोकने और नियंत्रित करने के लिए क्या किया जाएगा?

अस्पताल में रहने के दौरान या जब तक आपके डॉक्टर संतुष्ट नहीं हो जाते कि आपसे अन्य रोगियों में सीपीई फैलने का कोई जोखिम नहीं है, तब तक आपको किसी एकल कमरे में रहने के लिए कहा जा सकता है।

संक्रमण को रोकने के लिए आप जो सबसे महत्वपूर्ण काम कर सकते हैं, वह है शौचालय जाने के बाद साबुन और पानी से अपने हाथों को बहुत अच्छी तरह से धोना। आप अल्कोहल-आधारित हैंड सैनेटाइज़र का भी उपयोग कर सकते हैं। यह भी आवश्यक है कि आप अपने किसी भी चिकित्सा उपकरण, जैसे मूत्र कैथेटर या अंतःशिरा ड्रिप को छूने से बचें। इससे आपको सीपीई के कारण होने वाले संक्रमण के जोखिम को कम करने में मदद मिलेगी।

### क्या मुझ से लोग मिलने आ सकते हैं?

निश्चित रूप से सीपीई वाले रोगियों के पास अस्पताल में लोग मिलने आ सकते हैं। जिन लोगों को संक्रमण का अधिक खतरा हो सकता है, जैसे बच्चों और शिशुओं को वहां जाने से बचने की सलाह दी जाती है। सभी आने वाले लोगों को आपके कमरे में प्रवेश करने और बाहर निकलने पर अपने हाथ अवश्य धोने चाहिए।

### जब मैं अस्पताल से निकल जाऊँगा तो क्या होगा?

अगर अस्पताल से निकलते समय भी आपके अंदर सीपीई है, तो यह समय के साथ समाप्त हो सकता है। आपको विशेष रूप से शौचालय जाने के बाद साबुन और पानी से अपने हाथों को बहुत अच्छी तरह से धोने के अलावा घर पर कोई अतिरिक्त सावधानी बरतने की आवश्यकता नहीं है। अगर आपका कोई रिश्तेदार या दोस्त घर पर आपकी देखभाल करने में मदद कर रहा है, तो उसके लिए यह आवश्यक है कि वे आपकी देखभाल करने से पहले और बाद में अपने हाथों को साबुन और पानी से धोएं। आपकी बिस्तर की चादरें, कपड़े और अन्य कपड़े सामान्य रूप से धोए जा सकते हैं।

अगर आप इसके बाद फिर से किसी अस्पताल या किसी अन्य स्वास्थ्य सेवा केंद्र में जाते हैं, तो यह महत्वपूर्ण है कि आप अपनी देखभाल करने वाले स्टाफ को बताएं कि अतीत में आपका सीपीई टेस्ट का परिणाम सकारात्मक आया था। इससे यह सुनिश्चित होगा कि सीपीई के प्रसार को रोकने और सीपीई संक्रमण के विकास के जोखिम को कम करने के लिए आपको सर्वोत्तम देखभाल मिल सके।

### मैं अधिक जानकारी कहाँ प्राप्त कर सकता हूँ?

अगर आप अधिक जानकारी चाहते हैं, तो कृपया अपनी देखभाल करने वाली नर्सिंग या चिकित्सा टीम के किसी सदस्य से बात करें, जो आपके लिए स्थानीय संक्रमण रोकथाम और नियंत्रण टीम से संपर्क कर सकते हैं।

कृपया अपनी देखभाल करने वाली टीम को कोई भी प्रश्न लिखने के लिए नीचे दिए गए स्थान का उपयोग करें।

यह लीफलेट अन्य भाषाओं के साथ-साथ बड़े प्रिंट, इज़ी रीड और ब्रेल (केवल अंग्रेजी) में भी उपलब्ध है।

किसी अन्य भाषा या प्रारूप में इस लीफलेट की एक प्रति मांगने के लिए,
कृपया स्वास्थ्य संरक्षण स्कॉटलैंड से संपर्क करें: NSS.HPSHAIScreening@nhs.net

Health Protection Scotland
Meridian Court, 5 Cadogan Street, Glasgow G2 6QE
फोन नंबर: 0141 300 1100

Crystal Mark 21681
Clarity approved by Plain English Campaign

Health Protection Scotland

मई 2016 सीपीई रोगी लीफलेट का संस्करण 2.0

NHS National Services Scotland